दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़,सोमवार 03 फरवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 126

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सोनिया गांधी सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोनिया गांधी पिछले कुछ वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से घिरी रही हैं। इसलिए राजनीति तौर पर उनकी सक्रियता भी पहले के मुकाबले कम हो गई है।

### राजधानी में आज छाया कोहरा, ठंड का कहर बरकरार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार की सुबह को कोहरा छाने के साथ ही ठंड का असर बरकरार रहा। क्षेत्र का न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि मौसम के तापमान का औसतन है। वहीं वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएएमडी) ने कहा कि दिन के दौरान आसमान साफ रहेगा, वहीं औसतन 15 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। मौसम विभाग कार्यालय ने कहा कि क्षेत्र में रविवार को सुबह के दौरान मध्यम से हल्का कोहरा छाया रहा। दिन के दौरान औसतन 15 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा के चलने के कारण आसमान प्रमुखतः साफ रहेगा। सुबह 8.30 बजे दृश्यता 800 मीटर दर्ज की गई, जबकि आद्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई, जो कि औसत से 19 अंक अधिक है।

### नायडू ने गैरसंचारी रोगों के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान किया

**हुबली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति ने गैर-संचारी रोगों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा है कि स्वस्थ रहने के लिए युवाओं को आराम पसंद जीवनशैली को छोड़कर नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करना चाहिए। रविवार को कर्नाटक के हुबली में योग गुरू बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ की ओर से आयोजित योग शिविर में भाग लेने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि एक स्वस्थ भारत और खुशहाल भारत के लिए फिट इंडिया और योग को जन आन्दोलन का रूप दिया जाना चाहिए।

### दिल्ली को बनाने में पूर्वांचल के लोगों का बहुत बड़ा योगदान हैः नड्डा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जैसे-जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे सभी दलों का प्रचार अभियान तेज होता जा रहा है. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक बार फिर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर केजरीवाल से कहा कि, दिल्ली को बनाने में पूर्वांचल के लोगों का बहुत बड़ा योगदान है, लेकिन आपको इस बात का अहसास तक नहीं. जिस तरह आपने पूर्वांचली भाई-बहनों को बार-बार अपमानित किया, वह एक मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता. जो अपने प्रदेश के लोगों का सम्मान नहीं कर सकता, वो उनका भला क्या करेगा।

### अमृतसर जेल की दीवार तोड़ कर भागे 3 कैदी, पुलिस में अफरा-तफरी

**अमृतसर (आरएनएस)।** शनिवार रात अमृतसर की जेल में से 3 कैदियों के फरार हो गए हैं। इस घटना के बाद जेल प्रशासन की तो पोल खुली ही है, साथ में पुलिस के बीच अफरा-तफरी का माहौल है। सूचना के बाद पुलिस के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे है। जानकारी के अनुसार गत रात अमृतसर जेल में से 3 कैदी दीवार तोड़ कर फरार हो गए हैं।

# भाजपा 26 और कांग्रेस के 18 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

**» आप के 60 फीसदी प्रत्याशी दागी » दिल्ली विधानसभा चुनाव**

**नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में धनबल और बाहुबल लगातार बढ़ रहा है। देश की राजधानी में चुनाव लड़ने वाले 20 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 15 प्रतिशत पर गंभीर मामले हैं।**

आपराधिक मामले वाले उम्मीदवारों की संख्या लगातार बढ़ी है। वर्ष 2008 में यह मात्र 14 फीसदी थे। वहीं, पार्टी की बात करें तो इस मामले में आम आदमी पार्टी ने सभी को पीछे छोड़ दिया है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक आप के जहां 70 में से 42 उम्मीदवार पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, वहीं बीजेपी के 26 और कांग्रेस के 18 उम्मीदवारों ने भी हलफनामे में आपराधिक मामले दर्ज होने की बात कही है।2013 में 16 प्रतिशत और 2015 में 17 प्रतिशत आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म) ने सभी उम्मीदवारों के हलफनामों की जांच के बाद यह रिपोर्ट जारी की है। आपराधिक मामलों के साथ-साथ करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या भी राजधानी में बढ़ी है। इस बार दिल्ली के दंगल में 36 प्रतिशत करोड़पति उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमे सबसे ज्यादा संख्या कांग्रेस उम्मीदवारों की है।




**उम्मीदवारों को औसत संपत्ति बढ़ी**

विधानसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की औसत संपत्ति बढ़ गई है। इस बार चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 4.34 करोड़ रुपये है। बीते चुनाव में यह 3.32 करोड़ थी। औसत संपत्ति में करीब एक करोड़ का इजाफा हुआ है।

आप के 70 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 15.25 करोड़ रुपये है। कांग्रेस के 66 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 11.68 करोड़ और भाजपा के 67 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 10.22 करोड़ रुपये है। वर्ष 2013 विधानसभा चुनाव में लड़े प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 3.43 करोड़ रुपये थी। जबकि उससे पहले 2008 में यह 1.77 करोड़ थी।

**अधिकतम संपत्ति भी ज्यादा हुई**

मुंडका से आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ रहे धर्मपाल लाकड़ा की संपत्ति 292 करोड़ रुपये है। बीते चुनाव में सबसे ज्यादा संपत्ति मनजिंदर सिंह सिरसा ने घोषित की थी। उनके पास 239 करोड़ रुपये थे। सिरसा इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। लाकड़ा के बाद आप की प्रेमिला टोकस और बदरपुर से चुनाव लड़ रहे राम सिंह नेताजी के पास अस्सी करोड़ से ज्यादा संपत्ति है।

**निर्दलियों के पास सबसे कम संपत्ति**

पालम विधानसभा से चुनाव लड़ रहे आरपीआई (ए) के राजेश कुमार के पास 3600 रुपये की संपत्ति है। शालीमार बाग से निर्दलीय प्रत्याशी पूनम कौशिक की संपत्ति 6917 और नई दिल्ली से राहुल बेनीवाल के पास 7031 की संपत्ति है।

**भड़काऊ भाषण में पीछे नहीं**

दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ रहे आठ उम्मीदवारों के ऊपर भड़काऊ भाषण से संबंधित मामले दर्ज हैं। इनमे ओखला से आप विधायक अमानतुल्लाह खान, सुल्तानपुर माजरा से कांग्रेस उम्मीदवार जय किशन, मालवीय नगर से आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती और महरौली से आप प्रत्याशी नरेश यादव शामिल हैं। हरिनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी तेजेंद्र पाल सिंह बग्गा पर भी भड़काऊ भाषण का मामला है। दो अन्य उम्मीदवार डॉ. अश्वनी कुमार और कमल हैं।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष रंजीत बच्चन की गोली मारकर हत्या

**लखनऊ (आरएनएस)। राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष रंजीत बच्चन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे।**



इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उनके सिर में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। फ़िलहाल घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मौके से हत्या का आरोपी फरार हो गया है। पुलिस की 6 टीम और क्राइम ब्रांच हत्यारे को पकड़ने के लिए जुट गई है।

मामला हजरतगंज इलाके की है। मूल रूप से गोरखपुर के रहने वाले रंजीत बच्चन हजरतगंज के ओसीआर बिल्डिंग में रहते थे। सुबह करीब साढ़े छह बजे वह अपने एक दोस्त आशीष श्रीवास्तव के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे।

ग्लोब पार्क के बाहत निलते ही बाइक सवार बदमाशों ने उनके सिर में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

फायरिंग में रंजीत के दोस्त आशीष भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। पुलिस ने रंजीत बच्चन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्यारों की तलाश कर रही है। बता दें, अक्टूबर 2019 में हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की भी उनके दफ्तर में घुसकर निर्मम हत्या कर दी गई थी।


## एनआईए ने शोपियां के कई इलाकों में की छापेमारी, कार्रवाई जारी

**» डीएसपी देविंद्र सिंह केस**

**श्रीनगर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर के निलंबित डीएसपी की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में घाटी में रविवार सुबह कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी कश्मीर के कई स्थानों पर एनआईए की कई टीम गई और कुछ निजी कार्यालयों और आवासों पर छापेमारी की। एनआईए उस मामले की जांच कर रही है जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस का उपाधीक्षक दविंदर सिंह शामिल है और 11 जनवरी को आतंकवादियों को घाटी से बाहर पहुंचाने में मदद करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। सिंह को पद से निलंबित किया जा चुका है। इस मामले में गिरफ्तार सभी लोगों से एनआईए के अधिकारियों द्वारा हुई पूछताछ के बाद आज छापेमारी हुई। सिंह के अलावा इस मामले में हिज्बुल कमांडर का स्वयंभू सैयद नवीद मुस्ताक अहमद उर्फ नवीद बाबू और रफी अहमद राठेर को गिरफ्तार किया गया।

## चीन से दूसरा काफिला लेकर राजधानी पहुंचा विशेष विमान

**» 7 मालदीव के लोग भी शामिल**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** चीन के वुहान शहर से शुरू हुआ कोरोनावायरस का कहर पूरी दुनिया में फैल रहा है। इसी बीच भारत ने मानवता की मिसाल पेश की है। चीन के वुहान प्रांत में कोरोना वायरस के चलते वहां फंसे भारतीयों को भारत वापस लाने वाली एयर इंडिया की दूसरी फ्लाइट रविवार को दिल्ली पहुंची। बताया गया कि वुहान से 03.10 बजे रवाना हुई। यह स्पेशल फ्लाइट 9.40 बजे दिल्ली पहुंची। इस स्पेशल फ्लाइट में 323 भारतीय नागरिक सवार हैं। इसके साथ ही मालदीव के 7 लोगों को भी इसी विमान से वापस लाया जा रहा है। चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिसरी ने कहा कि वुहान से दिल्ली के लिए रवाना हुई एअर इंडिया की दूसरी स्पेशल फ्लाइट में 330 लोग हैं। बता दें कि अब तक वहां से 654 लोगों को भारत लाया जा चुका है। एअर इंडिया ने अब तक नई दिल्ली से वुहान के लिए दो बार उड़ान भरी है। चीन में कोरोना वायरस से अब तक 304 लोगों की मौत हो चुकी है और संक्रमण के 14,380 मामले सामने आ चुके हैं। इससे पहले चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिस्त्री ने ट्वीट किया था, एअर इंडिया की दूसरी उड़ान वुहान से 323 भारतीय और मालदीव के सात नागरिकों के साथ रवाना हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय मेडिकल टूरिज्म का हब बन रहा है भारत:शेखावत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में मेडिकल टूरिज्म की संभावनाओं को लेकर भादरा के मूल निवासी बजरंग सहारण द्वारा दिल्ली के ताज होटल में आयोजित अपनी नई कम्पनी मेडिको ट्रिप इंडिया के उद्घाटन के अवसर पर इंडियन मेडिकल टूरिज्म सममीट 2020 का आयोजन किया गया।



इसमें मुख्य अतिथि रहे है कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और कैबिनेट मंत्री अर्जुन मेघवाल में भारत में बढ़ते मेडिकल टूरिज्म के व्यवसाय को लेकर प्रतिष्ठित डॉक्टर्स के समूह को संबोधित किया।

इसमें मुख्य रूप से पद्म डा. अरविंदर सिंह सोइन जिनको भारत में सबसे ज्यादा लीवर ट्रांसप्लांट का श्रेय जाता है, एम्स प्रोफेसर और हैड पद्मडॉक्टर अलका करपलानी, पद्मप्रोफेसर डॉक्टर वी एस मेहता, एयर इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमोद शर्मा, दैनिक भास्कर ग्रुप डायरेक्टर डॉक्टर भरत अग्रवाल, पद्मअवार्ड जी श्रीमति सुनील डबास कोच भारत महिला कबड्डी टीम, भारत में पहली माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने की ख्याति प्राप्त कुमारी अनिता कुंडु मैडीको ट्रिप इंडिया के संस्थापक व भादरा के मूल निवासी बजरंग सहारण के अनुसार वर्ष 2020 में मेडिकल क्षेत्र में होने वाले अंतराष्ट्रीय व्यापार 900 करोड़ यू एस डॉलर तक पहुंचने की संभावनाएं बताई।

सहारण के अनुसार आने वाले समय में स्वास्थ्य , आयुष, टूरिज्म मंत्रालय व एविएसन मंत्रालय के साथ मिल भारत को वैश्विक मेडिकल हब बनाने के लिए काम किया जाएगा, मेडिको ट्रिप इंडिया को प्रेषित संदेश के माध्यम से आयुष मंत्री श्रीपदनायक ने भारत में बढ़ती हुई आयुष की संभावनाओं के बारे में अपने विचार रखे, संसद सदस्य और पूर्व खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौर ने कार्यक्रम में भारत में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय व्यापार हेतु कार्यक्रम के आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## कांग्रेस घोषणापत्र ने युवाओं को लुभाया

**» महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण का वादा**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए आज रविवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने बेरोजगार युवाओं के लिए बेहद शानदार योजनाएं घोषित कीं। पार्टी ने वादा किया है की अगर वह सरकार में आती है तो स्नातक बेरोजगार युवाओं के लिए 5000 रुपये प्रति माह और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार युवाओं के लिए साढ़े सात हजार रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा पार्टी ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए एक तिहाई रिजर्वेशन देने की भी घोषणा की। कांग्रेस ने हर परिवार को न्यूनतम 6000 रुपये प्रति माह पेंशन देने का भी वायदा किया। इसके अलावा वृद्ध परिवारजनों के लिए भी 5000 रुपये प्रतिमाह की दर से वृद्धा पेंशन दिया जाएगा। पार्टी ने कहा कि उसका घोषणापत्र अनूठा है और इसकी मदद से वह सत्ता में वापसी करने में कामयाब रहेगी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र के साथ एक और विशेष घोषणापत्र जारी किया जिसमें दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कई अहम कदम उठाने की बात कही गई। घोषणापत्र के मुताबिक अगर दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस काबिज होती है तो सरकार का 25 फीसदी बजट प्रदूषण से निपटने पर खर्च किया जाएगा। इस बजट से दिल्ली में पेड़ लगाए जाएंगे।

**» गाड़ियां 20 से 30 फीसदी तक हो जाएंगी सस्ती**

## जल्द होगा वाहन कबाड़ नीति का एलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम बजट में किये गये ऐलानों के तहत अब सरकार जल्द ही वहान कबाड़ नीति को जारी करेगी, जिसके लिए केंद्रीय सड़क मंत्रालय द्वारा तैयार नीति के मसौदे को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी भी मिल चुकी है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में अपने बजट भाषण में पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने की नीति पर चल रहे काम का जिक्र करते हुए संकेत दे दिये हैं कि संबंधित मंत्रालयों से सारी व्यवस्था को ठीक करने के बाद इसकी घोषणा की जाएगी। प्रस्तावित नीति को मंजूरी मिलने के बाद यह दोपहिया समेत सभी वाहनों पर लागू होगी।

वहीं केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पहले ही कह चुके हैं कि नीति को मंजूरी के बाद भारत एक वाहन क्षेत्र के बड़े विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर सकता है। क्योंकि वाहन उद्योग से जुड़ा माल यानी स्टील, एल्युमीनियम और प्लास्टिक कबाड़ के रिसाइकिल होने से मिल जाएगा। इससे वाहनों की कीमत में 20 से 30 फीसदी कमी आएगी। नीति के मसौदे के मुताबिक 15 साल पुराने वाहनों को हर छह महीने में उसके सही होने का प्रमाणपत्र (फिटनेस सर्टिफिकेट) लेना होगा। अभी यह समयसीमा एक साल है।

**इतने वाहन हो जाएंगे कबाड़**

बता दें कि लंबे समय से प्रस्तावित वाहन कबाड़ नीति को कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा गया है।

## सीएएफ जवान ने दो साथियों को मारी गोली, एक की मौत एक घायल

**» साथी की हत्या के बाद हमलावर जवान ने की आत्महत्या की कोशिश**

**बीजापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के फरसेगढ़ स्थित सीएएफ कैम्प में शनिवार को एक जवान दयाशंकर शुक्ला ने अपने ही दो साथियों पर फायरिंग कर दी। इस घटना में एक जवान रविरंजन की मौत हो गई, जबकि 01 जवान मो. शकील के पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने बताया कि फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सुरक्षा बल का कैम्प स्थापित किया गया है। यहां तैनात जवान दयाशंकर शुक्ला ने शाम लगभग साढ़े बजे किसी बात को लेकर साथी जवान रविरंजन पर अपनी सर्विस रायफल से गोली दाग दी। इसी दौरान दोनों के मध्य विवाद होता देख एक अन्य जवान मोहम्मद शरीफ बीच-बचाव करने पहुंचा, तो दयाशंकर से उस पर भी गोली चला दी। फायरिंग के बाद हमलावर जवान दयाशंकर शुक्ला ने स्वयं पर गोली चला कर खुदकुशी करने की कोशिश की।



गोली उसके जबड़े को चीरती हुए दूसरी तरफ निकल गयी। हादसे में घायल जवान रविरंजन की उपचार के लिए बीजापुर लाते वक्त रास्ते में ही सांसें थम गयीं। घटना में हमलवार दयाशंकर शुक्ला की हालत गंभीर बनी हुयी है,जिसका ईलाज जारी है। जबकि मोहम्मद शरीफ के पैर में गोली लगी है और वह खतरे से बाहर है। गोलीचालन का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, जिसकी छानबीन की जा रही है। उधार के पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद की बात सामने आ रही है। उल्लेखनीय है कि मृजक आरक्षक रविरंजन सिंह मूलतः बिहार का निवासी है।